हे माँ अम्बे माँ भोली माँ | Mukesh Kumar |

हे माँ भोली माँ
अम्बे माँ अम्बे माँ

जो भी तेरे दर पे आए
पा जाए उद्धार
करती हो माँ अम्बे रानी
सबका बेड़ा पार
हे माँ भोली माँ
अम्बे माँ अम्बे माँ

हमने सुना है माँ
तुम हो वरदानी
पूरी कर देती हो
भक्तों की वाणी
मैं भी आया द्वार
कर दो माँ भव से पार
हे माँ भोली माँ
अम्बे माँ अम्बे माँ

हर दुखिया के माँ
दुखड़े मिटाती
अपने गले से माँ
सबको लगाती
जो भी आया द्वार
कर दिया बेड़ा पार
हे माँ भोली माँ
अम्बे माँ अम्बे माँ

लाल-लाल चोला है
लाल है चुनरिया
मैया जी के मन को भाए
लाल-लाल चूड़ियाँ
बैठी शेर सवार
जगत जननी पालनहार
हे माँ भोली माँ
अम्बे माँ अम्बे माँ

सांझ सवेरे तेरी
आरती मैं गाऊँ
मेहरावाली तुमको मैं
सदा मैं मनाऊँ
रखना सुखी परिवार
रहना माँ हरदम साथ
हे माँ भोली माँ
अम्बे माँ अम्बे माँ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%85%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%ac%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-mukesh-kumar/